# P - 28

## GRAND TEST - 2024 - 2025

### Second Language - HINDI

Class : X ]  (Max. Marks : 100)  [ Time : 3.15 Mnts.

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 68 | 12 | 100 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

**सूचनाएँ :-** 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

3) प्रश्न पत्र में छः भाग हैं ।

---

**भाग - I**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** **12 x 1 = 12**

1. पेड़ की छाया सीतल होती है ।

**(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| शीतल | शितल | शीतला |

2. कृष्ण वृंदावन में गाय चराते है ।

**(वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| वृंदावन | गाय | चराते |

3. अठारह सौ छियासी -

**(हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| 1884 | 1888 | 1886 |

4. पर्वत प्रदेश _____ पावस ।

**(सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| का | में | की |



www.schools360.in

5. तोप छोटे लड़कों की घुडसवारी बनी है ।

**(रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| द्विग समास | द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास |

6. वीर सैनिक मृत्यु का स्वागत दिल से करते हैं ।

**(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| सु + आगत | स्व + गत | सु + गत |

7. छोटा भाई हर समय अव्वल आता था ।

**(रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम | दूसरा | तीसरा |

8. कमिश्नर नोटिस के अनुसार कोई सभा नहीं होगी ।

**(रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| सार | अन् | अनु |

9. त्यौहार के समय तताँरा को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है ।

**(रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| आ | मंत्रि | इत |

10. **युवती की आवाज ठीक पहुँची ।**

**(इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| |
|---|
| युवक की आवाज ठीक पहुँची । |
| युवक की आवाज ठीक पहुँचा । |
| युवक की आवाज ठीक पहुँचे । |

11. **मैं इसी चट्टान पर प्रतीक्षा करता हूँ ।**

**(इस वाक्य का भविष्यतकाल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| |
|---|
| मैं इसी चट्टान पर प्रतीक्षा करता था । |
| मैं इसी चट्टान पर प्रतीक्षा करता हूँ । |
| मैं इसी चट्टान पर प्रतीक्षा करूँगा । |

12. **मैं ने पुस्तक पढा । (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)**

| | | |
|---|---|---|
| मैं ने पुस्तक पढे । | मैं पुस्तक पढा । | मैं ने पुस्तक पढी । |

[ Contd... 3rd

www.schools360.in

भाग - II

II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिए गए गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।

13. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

जब लिटिल अंडमान और कार निकोबार आपस में जुड़े हुए थे वहाँ एक सुंदर सा गाँव था । पास में सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था । उसका नाम था तताँरा निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे । तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था । सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता । अपने गाँव वालों को ही नहीं अपितु समूचे द्वीप की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था ।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

1) तताँरा कैसा व्यक्ति था ?

2) तताँरा से कौन बेहद प्रेम करते थे ?

3) तताँरा किनके सेवा केलिए तत्पर रहता था ?

4) सदैव दूसरों की सेवा के लिए कौन तत्पर रहता था ?

5) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

14. **निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी - कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें
वे बताती है कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।

**प्रश्न :**

1. तोप छोटे लड़के केलिए क्या बनी है ?



www.schools360.in

2. चिड़ियाँ अक्सर क्या करती हैं ?

3. गौरैया क्या करती हैं ?

4. एक दिन उसका क्या बंद हो गया?

5. इस पद्यांश के कवि कौन है ?

15. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

नदियाँ पर्वतों में जन्म लेती हैं । वे वहाँ ठहरती नही हैं । भिन्न - भिन्न प्रांतों में बहते हुए आगे बढ़ती हैं । अनेक स्थानों से बहनेवाली ये नदियाँ विशाल सागर में विलीन होने तक आगे बढ़ती ही रही हैं । समुद्रों में विलीन होना नदियों का गम्य स्थान है ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. नदियाँ कहाँ जन्म लेती हैं ? [ ]

A) पर्वतों में B) हिमालय में
C) किले में D) धरती में

2. भिन्न - भिन्न प्रांतों में क्या बहती हैं ? [ ]

A) तालाब B) नदियाँ
C) सागर D) झरने

3. नदियों का गम्य स्थान क्या है? [ ]

A) समुद्र B) नदी
C) तालाब D) आकाश

4. अनेक स्थानों से बहनेवाली नदियाँ कहाँ विलीन हो जाती हैं ? [ ]

A) पर्वत में B) विशाल सागर में
C) तालाब में D) नाले में

5. इस अनुच्छेद में किसका वर्णन हुआ हैं ? [ ]

A) नदियों का B) पहाड़ों का
C) फूलों का D) जानवरों का

[ Contd... 5th

www.schools360.in

16. नीचे दिए गए पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

स्वस्थ तन में स्वस्थ मस्तिष्क और मन ।
पेडियों का नारा चुटकी में थोड़ा करोना ।
बढ़िया बात नहीं वह है हमेशा से बेईमान ।
ना मीडिया को अपना एजेंडा बताया ।
ना सरकार को अपना पता बताया ।
ना धर्म ना जात - पांथ ना भगवान का चरण छूया ।
बस चले आया ।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. स्वस्थ तन में किसका निवास होता है ? [ ]

A) भगवान का
B) भक्त का
C) स्वस्थ मस्तिष्क का
D) शरीर का

2. पीड़ियों का नारा चुटकी में किसने तोड़ा ? [ ]

A) ड़ेग्यू
B) पेट दर्द
C) फ्लू
D) करोना

3. करोना कैसी है ? [ ]

A) सुंदर
B) खूबसूरत
C) बेईमान
D) बुद्धिमान

4. करोना किसको को अपना एजेंड़ा नहीं बताता? [ ]

A) मित्रों को
B) चीन को
C) दुनिया को
D) मीडिया को

5. धर्म, जात - पांथ के बिना क्या आ गया? [ ]

A) कैंसर
B) करोना
C) बुखार
D) मलेरिया

[ Turn Over

www.schools360.in

भाग - III

17. किसी एक कवि के बारे में पाँच पंक्तियों में लिखिए । 1 x 5 = 5

अ) कबीरदास

आ) मैथिलीशरण गुप्त

18. निम्न लिखित लेखक के बारे में अनुच्छेद पढ़कर खाली जगह भरिए । 5 x 1 = 5

सीताराम सेकसरिया का जन्म 1892 को नवलगढ़ में हुआ । वे गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस के करीबी रहे । कुछ साल तक आजाद हिंद फ़ौज के मंत्री भी रहे । भारत सरकार ने उन्हें 1962 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया । स्वाध्याय से ही वे पढ़ना लिखना सीखा ।

1. सीताराम सेकसरिया का जन्म _____ प्रांत में हुआ ।
2. रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस के करीब में _____ रहे थे ।
3. सेकसरिया _____ संस्था में मंत्री का काम किया ।
4. भारत सरकार ने सेकसरिया को पद्मश्री पुरस्कार _____ साल में दिया ।
5. सेकसरिया पढ़ना लिखना _____ से सीखा ।

भाग - IV

IV. निम्न लिखित किन्हीं छह प्रश्नों का उत्तर चार वाक्य में दीजिए । 6 x 4 = 24

19. सुखिया सब _____ अरू रोवै ।। (दोहे की पूर्ति कीजिए ।)

20. मैथिलीशरण गुप्त ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ?

21. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया', इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है ?

22. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था?

[ Contd... 7th

www.schools360.in

23. वामीरो ने ततॉरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया ।

24. सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया ?

25. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं । कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

26. कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती-पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता है ?

## भाग - V

**27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 पंक्तियों में लिखिए । 1 x 8 = 8**

अ) मीरा बाई श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया ? मीरा के पंद पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए ।

आ) पर्वत प्रदेश में पावस का सौंदर्य कवि ने किस प्रकार वर्णन किया ?

**28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8 पंक्तियों में लिखिए । 1 x 8 = 8**

अ) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है कहानी के आधार पर विस्तार कीजिए ।

आ) 'झेन की देन' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

www.schools360.in

## भाग - VI

VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1 x 8 = 8

अ) आवश्यक पुस्तके माँगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए ।

आ) हिंदी सीखने की आवश्यकता बताते हुए भाई के नाम पत्र लिखिए ।

30. किसी एक निबंध लिखिए । 1 x 10 = 10

अ) विद्यार्थी - अनुशासन

आ) दीपावली

इ) पुस्तकालय

ई) विज्ञान से लाभ

www.schools360.in